# 18 किलो गांजे की तस्करी कर रहे युवक की जमानत याचिका खारिज की हाईकोर्ट ने

## गौरतलब है कि एन.डी.पी.एस. एक्ट में 20 किलो से कम मात्रा के मादक पदार्थों की तस्करी को वाणिज्यिक के बजाय निजी उपयोग माना जाता है, ऐसे में तस्करों को आसानी से जमानत मिल जाती है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग द्वारा 18 करोड़ रु. बाजार मूल्य के मादक पदार्थ गांजा ''हाईड्रोफोनिक वीड'' के साथ पकड़े गए युवक की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि आरोपी युवक करीब 18.5 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया था। हालांकि एनडीपीएस एक्ट की धारा 37 के तहत 20 किलोग्राम से कम की ड्रग्स की मात्रा को कमर्शियल क्वांटिटी (वाणिज्यिक मात्रा) से कम माना जाता है। यानि कि कानून की नजरों में यह मात्रा आरोपी द्वारा स्वयं के उपयोग के लिए मानी जाती है, ना कि बाजार में बिक्री के लिए।

इसी तथ्य को बताते हुए याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि, आरोपी करण मेहरा पढ़ा-लिखा व्यक्ति है, उस पर कोई भी अपराधिक केस नहीं है। इसलिए अदालत जमानत याचिका स्वीकार कर आरोपी की रिहाई के आदेश दे।

- **परंतु इस बार हाईकोर्ट ने कस्टम विभाग द्वारा एयरपोर्ट पर 18 किलो ''हाईड्रोफोनिक वीड'' के साथ पकड़े गए तस्कर की जमानत यह कहते हुए खारिज की है कि, ''तस्करों ने एक नया तरीका अपना लिया है कि वह ज्यादा नशीले मादक पदार्थों की 20 किलो से कम मात्रा में तस्करी पढ़े-लिखे नौजवानों से करवाते हैं, ताकि उन्हें आसानी से जमानत मिल सके।''**
- **अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ''वह यह नहीं चाहती कि वह ड्रग्स तस्करी के ऐसे प्रकरणों में जमानत याचिका स्वीकार करके नौजवान युवकों के लिए एक गलत मिशाल तय करे, जो कि उन्हें अपराध की दुनिया की ओर बढ़ाता हो''**

वहीं केन्द्र सरकार की ओर स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर चंद्रशेखर सिन्हा ने अदालत को बताया कि, इस मामले में आरोपी करण मेहरा गांजे की विशिष्ट प्रजाति ''हाईड्रोफोनिक वीड'' को तस्करी करके ला रहा था, जिसमें टी.एच.सी. की मात्रा बहुत अधिक होती है। इस गांजे को विशिष्ट जगहों पर ही उगाया जाता है। उन्होंने अदालत को कहा कि, यह गांजा बहुत ज्यादा नशीला और व्यस्नकारी होता है, इस वजह से इस गांजे का मूल्य भी बाजार में बहुत ज्यादा है। बाजार में सामान्य गांजे की कीमत प्रति किलो 5 से 10 लाख रु. तक की मानी जाती है, जबकि इस तरह का गांजा करीब 1 करोड़ रु. प्रति किलो के भाव माना जाता है। चंद्रशेखर सिन्हा ने अदालत को बताया कि, अंतर्राष्ट्रीय तस्कर अब पढ़े-लिखे नौजवानों को बहला-फुसलाकर मुफ्त में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा करवाने तथा घुमाने-फिराने के बहाने अपने जाल में फंसाते हैं और फिर उनके जरिए कानून में वर्णित 20 किलो से कम मात्रा की तस्करी करवाते हैं, ताकि युवकों को आसानी से जमानत मिल जाए।

अदालत ने इस पूरे मामले की सुनवाई करने के बाद कहा कि, उन्हें हैरानी है कि किस तरह से अपराधिक तस्कर गिरोह कॉलेज में पढ़ने वाले नौजवानों को महंगी विदेश यात्राएं और पैसों का लालच देकर उन्हें तस्करी के गर्त में धकेल रहे हैं और ऐसे युवकों को अगर आसनी से जमानत मिल जाए तो यह अन्य युवकों के लिए भी अपराध का रास्ता चुनने का प्रोत्साहन हो जाएगा।

अदालत ने कहा कि, वह यह नहीं चाहती कि वह आरोपी करण मेहरा की जमानत याचिका स्वीकार करके नौजवान युवकों के लिए एक गलत मिशाल तय करे। इसलिए न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन ने इस पूरे मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज की।

# हाईकोर्ट ने खारिज की पेपरलीक के आरोपियों की जमानत याचिका

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वरिष्ठ अध्यापक द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा के पेपरलीक के आरोपी पुखराज, अनिल कुमार, अरूण शर्मा और भूपेन्द्र सारण की जमानत याचिका खारिज की है। इस मामले में पेपर बेचकर पैसों की हेराफेरी करने के मामले में ई.डी. द्वारा जांच की जा रही है।

अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि, उन पर मनी लॉड्रिंग (पैसों की हेराफेरी) के आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं, जांच लंबित है। सभी लोग काफी समय से जेल में बंद है, इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया जाए।

इस मामले में ई.डी. की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने कहा कि, सभी अभियुक्तों पर अलग-अलग पेपरलीक करने के आरोप हैं। आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ ई.डी. ने शिकायत दर्ज की थी, आरोप है कि अनिल ने पेपरलीक के पैसों से प्रॉपर्टी की खरीद की। भूपेन्द्र सारण, मुख्य आरोपी है, जिसने पेपरलीक का पूरा गिरोह चलाया है। आरोपी अरूण शर्मा वर्ष 2019 में फर्जी रेलवे भर्ती परीक्षा में भी मुख्य आरोपी है, इस पर 2.5 करोड़ रु. हड़पने के मामले सामने आये हैं। वहीं आरोपी पुखराज और उसके साथ सुरेश व पीराराम को उच्च माध्यमिक भर्ती परीक्षा में ईडी ने एक साथ पेपर बेचने के आरोप में पकड़ा था।

ई.डी. की ओर से बताया गया कि, इन आरोपियों पर आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा से सीधे पेपर खरीदने के आरोप हैं। ऐसे में इन्हें जमानत नहीं दी जाए।

इस मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि, सभी आरोपियों पर काफी गंभीर आरोप हैं, अभी तक जितने भी तथ्य कोर्ट के समक्ष पेश हुए हैं, उन्हें देखते हुए जमानत याचिका स्वीकार करना ठीक नहीं है। इस टिप्पणी के साथ न्यायाधीश अशोक जैन ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

# सहकार दीपोत्सव मेले में 55 प्रतिशत तक छूट पर मिलेंगे शिवकाशी के ग्रीन पटाखे

## सहकारिता मंत्री ने किया 'सहकार दीपोत्सव मेला-2025' का विधिवत शुभारम्भ

**जयपुर (कासं)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने सोमवार को जयपुर के भवानी सिंह रोड स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा आयोजित किए जा रहे 'सहकार दीपोत्सव मेला-2025' का गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ किया। यह मेला 19 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यहां शिवकाशी (तमिलनाडू) के ग्रीन पटाखे, 55 प्रतिशत तक डिस्काउंट पर मिलेंगे। आमजन के लिए यहां गुणवत्तापूर्ण ग्रीन पटाखे और अन्य त्यौंहारी सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध करवाई गई है।

- **जयपुर में 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा मेला, यहां ग्रीन पटाखे और त्यौंहारी सामग्री भी मिलेगी**



**सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने सोमवार को दीपोत्सव मेले का उद्घाटन करने के बाद स्टॉल्स का अवलोकन किया।**

मंत्री गौत्तम कुमार दक ने कहा कि सहकारिता गुणवत्ता का प्रतीक है। मेले में एमएमटीसी के चांदी के सिक्के भी उचित मूल्य पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं। मेले के प्रति लोगों का रिस्पॉन्स देखते हुए उम्मीद है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक बिक्री होगी। सहकारिता मंत्री ने मेले में लगी सभी स्टॉल्स का अवलोकन कर बिक्री के लिए लाये गए उत्पादों तथा उन पर दी जा रही छूट के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और मेले में सुरक्षा एवं अग्निशमन संबंधी आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सहकार दीपोत्सव मेले में जयपुरवासियों के लिए खुले व गिफ्ट पैक में ग्रीन पटाखे, बर्तन, सजावटी फ्लॉवर, डिजाइनदार कैंडल्स, बेडशीट्स के साथ ही पूजन सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है।

इसके अतिरिक्त, सूखे मेवे के उपहार पैक, नमकीन, परिधान और हाउस होल्ड सामान भी उपलब्ध है। साथ ही, मिलेट उत्पादों का आउटलेट भी दीपोत्सव मेले में लगाया गया है। इस अवसर पर विधायक हमीर सिंह भायल, सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल, कॉनफेड की प्रबंध निदेशक शिल्पी पांडे सहित सहकारिता विभाग व उपभोक्ता संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों को कराया जयपुर भ्रमण

**जयपुर।** टाईम बैंक ऑफ इंडिया की ओर से 75 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को निःशुल्क जयपुर भ्रमण कराया गया। 35 ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को डबल डेकर बस द्वारा जयपुर के पर्यटन स्थलो की सैर कराई गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बिरला मंदिर से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया । टाईम बैंक ऑफ इंडिया देश में एक अनूठा विचार लेकर आया है, जहां एकाकी बुजुर्गों को निःशुल्क रूप से मानवीय सहायता प्रदान कर उनकी देखभाल की जाती है। सेवा के समय की बैंक की पासबुक में घंटों के रूप में प्रविष्टि भी की जाती है। सदस्य इस जमा समय का उपयोग भविष्य में कर सकते है। उनका विभाग वरिष्ठ नागरिकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है । इस अवसर पर मंत्री अविनाश गहलोत ने कुछ अति वरिष्ठ नागरिकों के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद भी लिया। गहलोत ने बुजुर्गों की सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर टाईम बैंक ऑफ इंडिया को प्राप्त पुरस्कार के लिए बधाई दी। बस में भ्रमणार्थियों की सहायता के लिए बैंक के युवा सदस्य आकाश शर्मा, पूजा शर्मा एवं अंजू पीयूष साथ रहे।

# राजस्थान अध्ययन दल ने डेनमार्क में भारतीय राजदूत मनीष प्रभात से की मुलाकात

## राजस्थान और डेनमार्क के बीच कृषि और पशुपालन के क्षेत्रों में सहभागिता और साझेदारी बढ़ाने पर हुआ विचार विमर्श

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** किसानों की क्षमता वृद्धि के लिए नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के नेतृत्व में पंचायती राज व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित प्रदेश के 38 प्रगतिशील किसानों का दल तीन मंत्रियों के नेतृत्व में इन दिनों डेनमार्क दौरे पर है। डेनमार्क में यह दल वहां कृषि और पशुपालन की नई तकनीकों और नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है।

अध्ययन दल ने डेनमार्क प्रवास के दौरान भारत के राजदूत मनीष प्रभात से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच कृषि, पशुपालन, जल प्रबंधन और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में आपसी सहयोग एवं ज्ञान-विनिमय पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान दल के सदस्यों ने राजस्थान में चल रही कृषि, पशुपालन, जल प्रबंधन तथा नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की तथा डेनमार्क के अनुभवों से सीखने की अपनी उत्सुकता व्यक्त की।



**मंत्री जोराराम कुमावत, ओटा राम देवासी और जवाहर सिंह बेढम ने 38 प्रगतिशील किसानों के साथ डेनमार्क में भारतीय राजदूत से मुलाकात की।**

राजदूत मनीष प्रभात ने अध्ययन दल का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान जैसे राज्य में डेनमार्क की तकनीकी विशेषज्ञता और नवाचार विशेष रूप से कृषि, पशुपालन और डेयरी प्रबंधन के क्षेत्रों में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने भारत-डेनमार्क साझेदारी को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

दूतावास की ओर से राजस्थान के अध्ययन दल को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया गया जहां देश के प्रवासी भारतीयों के साथ दल के सदस्यों का संवाद हुआ और राजस्थान तथा डेनमार्क के बीच किन किन क्षेत्रों में सहभागिता हो सकती है इस पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ।

उल्लेखनीय है इस दल में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायती राज व ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी, पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, कृषि विभाग के शासन सचिव राजन विशाल के साथ साथ कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों के 9 अधिकारी तथा 38 किसान और पशुपालक भी शामिल हैं।

दल का नेतृत्व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत कर रहे है। दल के सदस्यों ने बताया कि यह राजदूत मनीष प्रभात के साथ मुलाकात अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रही। डेनमार्क की उन्नत तकनीकों और नीतिगत नवाचारों का अनुभव राजस्थान में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और हमारा यह अनुभव राज्य में नई योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा।

# वित्त आयोग अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में 'राजस्थान रत्न अवार्ड' से नवाजा

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में आयोजित भव्य समारोह में 'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, लोककल्याण तथा राजस्थान के समग्र विकास के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।




**राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी को दुबई में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।**

यह सम्मान राजस्थान बिज़नेस एंड प्रोफेशनल ग्रुप (आरबीपीजी) दुबई एवं राजस्थान फाउंडेशन दुबई चैप्टर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दिवाली उत्सव 2025 कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। डॉ. चतुर्वेदी के नेतृत्व में राजस्थान राज्य वित्त आयोग ने पंचायतों और नगरीय निकायों को सशक्त बनाने, वित्तीय संसाधनों के न्यायसंगत वितरण तथा स्थानीय निकायों के विकास को गति देने के लिए कई अभिनव पहलें की हैं। वित्तीय विकेंद्रीकरण की दिशा में आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल रही है। राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरा राम जांगिड़ ने बताया कि इस अवसर पर दुबई में पिछले 75 वर्षों से राजस्थान मूल के लोगों की सहायता कर रहे वासु श्रॉफ, तथा बीएनडब्ल्यू डेवलपर्स के मालिक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकुर अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'प्रवासी सम्मान अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया।आरबीपीजी अध्यक्ष हरिकिशन रांकावत ने कहा कि डॉ. अरुण चतुर्वेदी को समाज कल्याण, शिक्षा और सुशासन के क्षेत्र में उनके समर्पण के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में दुबई में भारत के कॉन्सुल जनरल सतीश शिवन, आरबीपीजी चेयरमैन लालाराम, बोर्ड डायरेक्टर डॉ. केसर कोठारी, उपाध्यक्ष डॉ. रोमित पुरोहित सहित संगठन के सभी ट्रस्टी एवं लगभग 1200 प्रवासी राजस्थानी डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट और उद्योगपति परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान मूल के प्रसिद्ध संगीतकार शारिब-तोशी की प्रस्तुति ने समां बाँध दिया।

# भारतीय मजदूर संघ की बैठक

**जयपुर।** भारतीय मजदूर संघ, जयपुर जिला इकाई की कार्यसमिति बैठक सोमवार को संघ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री रंजीत सिंह गुर्जर, अध्यक्ष - भारतीय मजदूर संघ, जयपुर जिला इकाई ने की। बैठक में आगामी प्रदेश स्तरीय श्रमिक हुंकार रैली की तैयारियों पर चर्चा हुई, जो 26 दिसंबर को जयपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पदाधिकारी व सदस्य विभिन्न संगठनों से जुड़कर अधिकतम संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि संगठन की एकता और शक्ति का प्रदर्शन हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रचारक जयंतीलाल और प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा ने कार्यसमिति को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# तकनीकी नवाचारों से मिलेगी शहरी विकास को रफ्तार : रवि जैन

## स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव ने दिया क्षमता संवर्धन कार्यशाला में नवनियुक्त अधिकारियों को व्याख्यान

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में स्वायत्त शासन विभाग जनसेवा के नये आयाम स्थापित कर रहा है ।

एमएनआईटी के अमरूत सेंट्र में नवनियुक्त अधिशासी और राजस्व अधिकारियों की क्षमता संवर्धन के लिए 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शासन सचिव रवि जैन ने इस कार्यशाला में सोमवार को अधिकारियों से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया । जैन ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। उन्होंने कहा की क्षेत्र अधिकारी के रूप में, आपका कार्य केवल फाइलों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य सरकार की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना है। आज के तेज़ी से बदलते समय में, हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा की तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के अर्बन गवर्नेंस को गति मिलेगी, हमे चाहिए की हम नवीन विचारों को अपनाएं और जन कल्याण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों को सीखें।हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है ।



**स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने एमएनआईटी में नवनियुक्त अधिशासी और राजस्व अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।**

जैन ने व्याहवारिक ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए सभी नयनियुक्त अधिकारियों को अपना आचरण सौम्य और संवेदनशील बनाए रखने का आव्हान किया । उल्लेखनीय है कि 111 प्रशिक्षणार्थियों को इस 45 दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में विभिन्न सत्र होंगे जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। इस उद्घाटन सत्र में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक प्रतीक जुईकर सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ।

# विधानसभा पहुंचने पर देवनानी का अभिनंदन

## बारबाडोस सम्मेलन और यू.के. अध्ययन यात्रा से लौटे हैं देवनानी

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का सोमवार को यहां विधान सभा पहुँचने पर विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभिनंदन किया। देवनानी बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेकर और संसदीय परम्पराओं का यू.के. में अध्ययन यात्रा के बाद रविवार को वापस लौटे है।

देवनानी का विधान सभा कर्मियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर, साफा, फूल माला और दुपट्टा पहनाकर और शॉल ओढाकर अभिनंदन किया। देवनानी ने सभी विधान सभा कर्मियों के हाल-चाल पूछे। देवनानी के साथ इस यात्रा में प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी गये थे। उल्लेखनीय है कि बारबाडोस में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में देवनानी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में राउंड टेबल परिचर्चा में लोकतंत्र को समर्थन देने के लिए हमारी संस्थानों का सुदृढ़ीकरण, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इसका खतरा-



**विधानसभा में सोमवार को अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का स्वागत किया।**

स्थायी समाधान ढूँढना और सुशासन, बहुपक्षवाद और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में राष्ट्रमंडल की भूमिका पर विचार व्यक्त किये। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के भी अध्यक्ष देवनानी ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक साधारण सभा में भी भाग लिया। लंदन यात्रा के दौरान देवनानी ने सावरकर हाउस, अम्बेडकर हाउस सहित ऐतिहासिक भवनों का अवलोकन किया। लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर देवनानी ने पुष्पाजंलि अर्पित की। यू.के. और बारबाडोस में भारतीय प्रवासी समुदाय से मुलाकात कर उनके योगदान और भारतीय संस्कृति व लोकतांत्रिक मूल्यों को विश्व में बढ़ावा देने के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। देवनानी ने राजस्थान विधान सभा के डिजिटल पहल, महिला सशक्तिकरण, पारदर्शिता, समावेशी शासन मॉडल सहित सनातन संस्कृति के अनुरूप प्रकाशित विधान सभा कैलेण्डर और डायरी सहित विभिन्न नवाचारों को वैश्विक मंच पर साझा किया।

# पेट्रोल पंप पर सेल्समैन ने की मारपीट

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में बाइक में पेट्रोल भरवाने आए एक युवक और सेल्समैन की कहासुनी हो गई और देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन ने बाइक सवार युवक से मारपीट शुरु कर दी। तभी कुछ लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया तो कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक को सीसीटीवी फुटेज समेत थाने बुलवाया। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की ओर से किसी भी तरह का कोई मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर 11 अक्टूबर का एक वीडियो वायरल हो रहा था।

जिसमें पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन एक युवक से मारपीट करता हुआ दिखाई दे रहा है। वीड्रियों के सत्यापन के बाद पेट्रोल पंप संचालक को सीसीटीवी फुटेज सहित थाने बुलवाया गया है। सीसीटीवी फुटेज के सत्यापन के बाद जांच की जाएगी।

# डेढ़ साल से जमा गंदे पानी के निकास के लिए क्या कर रहा है प्रशासन?

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हिंडौन सिटी के बीच से निकल रहे मंडावरा रोड के मुख्य मार्ग पर करीब डेढ़ साल से जमा सीवरेज, वर्षा और गंदे पानी की निकासी के लिए कोई कार्रवाई नहीं होने के चलते स्थानीय निवासियों को हो रही परेशानी पर नाराजगी जताई है।

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने हिंडौन सिटी के बीच से निकल रहे मंडावरा रोड के मुख्य मार्ग पर करीब डेढ़ साल से जमा सीवरेज, वर्षा और गंदे पानी की निकासी के लिए कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई**

इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख स्वायत्त शासन सचिव, स्वायत्त शासन निदेशक, जिला कलेक्टर करौली और एसडीओ हिंडौन सहित स्थानीय नगर परिषद आयुक्त से जवाब मांगा है। वहीं अदालत ने जिला कलेक्टर और नगर परिषद आयुक्त को आगामी तारीख तक शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि मुख्य मार्ग पर भरे इस गंदे पानी की निकासी के लिए अब तक क्या किया गया है और भविष्य की क्या कार्य योजना है। जस्टिस संजीत पुरोहित ने यह आदेश गिर्राज प्रसाद व अन्य की याचिका पर दिया।याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक व विनोद सिंघल ने बताया कि याचिकाकर्ता हिंडौन के मंडावरा रोड के निवासी हैं। यहां मुख्य रोड पर करीब डेढ़ साल से सीवरेज व वर्षा सहित घरों के गंदे पानी का जमावड़ा हो रहा है। इस रोड से 25 कॉलोनियों और कई गांव के लिए रास्ते जाते हैं। इन रास्तों पर रोजाना हजारों वाहन व पैदल यात्री निकलते हैं। आए दिन गंदे पानी में लोग गिर जाते हैं। गंदे पानी की निकासी के लिए कोई नाली भी नहीं है। इस बारे में स्थानीय जिला प्रशासन व नगर परिषद को कई बार प्रतिवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए गंदे पानी की निकासी के लिए कोई ठोस कार्रवाई की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए शपथ पत्र पेश कर आगामी कार्य योजना पेश करने को कहा है।

# विद्याश्रम स्कूल में री-यूनियन समारोह हुआ

**जयपुर।** विद्याश्रम स्कूल, जयपुर के 2004 बैच के पूर्व छात्रों ने अपने स्कूल के 21 साल पूरे होने के अवसर पर एक यादगार रियूनियन समारोह आयोजित किया।

यह आयोजन बैच के सहपाठियों द्वारा स्वयं आयोजित किया गया और जयपुर के प्रसिद्ध क्लेबोर्न रेस्तरां में संपन्न हुआ।

इस रियूनियन समारोह में देश भर से पूर्व छात्र अपने पुराने दोस्तों से मिलने के लिए पहुंचे। कई सहपाठी वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले, जिससे समारोह में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। सभी ने अपने स्कूल के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक हो उठे।